सं:1:05:138:II:सीएस
दिनांक: 13 जून, 2019

National Stock Exchange of India Limited, **Listing Department, Exchange Plaza,** **Bandra - Kurla Complex, Bandra (E)** **<u>MUMBAI</u> - <u>400 051.</u>** **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड** **लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,** **बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू),** **मुंबई-400 051**	**Bombay Stock Exchange Limited,** **Department of Corporate Services,** **Floor - 25,PJ Towers, Dalal Street,** **<u>MUMBAI</u> - <u>400 001.</u>** **बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड,** **कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,** **पी. जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट,** **मुंबई-400 001**

विषय: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक (परियोजना) का कार्यभार- ग्रहण

महोदय/ महोदया,

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसरण में, हम एतदद्वारा पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक के कार्यग्रहण की रिपोर्ट निम्नानुसार करते है:

श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों का निदेशक (परियोजना) के रूप में कार्यग्रहण

परिवर्तन का कारण	विद्युत मंत्रालय के दिनांक 12 जून 2019 के पत्र सं. 24-8/1/2018-पीएफ़सी (एमओपी) के अनुसरण में, श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों ने दिनांक 12 जून 2019 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड में निदेशक (परियोजना) के रूप में कार्यभार-ग्रहण किया।
दिनांक	12 जून, 2019
संक्षिप्त प्रोफाइल	श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों ने दिनांक 12जून 2019 को पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड में निदेशक (परियोजना) के रूप में कार्यभार-ग्रहण किया। वर्तमान में पीएफ़सी में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यरत, श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों के पास विद्युत क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में 34वर्षों से अधिक का अनुभव है। ये इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं और इन्होंने आईआईटी दिल्ली से पावर सिस्टम्स में स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएट) किया है। पीएफ़सी में कार्यभार ग्रहण करने से पहले इन्होंने भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड और सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के साथ काम किया था। पीएफ़सी में, इन्होंने 25वर्षों से अधिक समय तक विभिन्न पदों पर कार्य किया है, जिनमें परियोजना आकलन, व्यवसाय विकास, दबावग्रस्त परिसंपत्ति पुनरुद्धार एवं परियोजनाओं की मॉनीटरिंग शामिल हैं।
निदेशकों के बीच संबंध	शून्य

सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com